सांवरिया मेरे साथ है भजन लिरिक्स

फर्क नहीं पड़ता अब चाहे,
दुनिया मेरे खिलाफ है,
सिर्फ अकेला नहीं मैं जग में,
सांवरिया मेरे साथ है,
सिर्फ अकेला नहीं मैं जग में,
साँवरिया मेरे साथ है।bd।

तर्ज – क्या मिलिए ऐसे लोगों से।

श्याम प्रभु ने ऊँगली पकड़ी,
कुछ ऐसे अन्दाज से,
दौड़ पड़ी जीवन की गाड़ी,
शानौ शौकत नाज से,
जलते रहे खिलाफत वाले,
सिर पे इनका हाथ है,
सिर्फ अकेला नहीं मैं जग में,
साँवरिया मेरे साथ है।bd।

कोई दे सकता ना इतना,
जितना सांवरिया देता,
दुनिया तो देकर है लेती,
ये देकर भी ना लेता,
हारे के साथ ने बख्शी,
मुझको ये सौगात है,
सिर्फ अकेला नहीं मैं जग में,
साँवरिया मेरे साथ है।bd।

दु:ख का खरीदार ना कोई,
'हर्ष' समझ लेना प्यारे,
पैसों से भी सुख के बंदे,
फूट सके ना फव्वारे,
दु:ख को मिटाना सुखमय बनाना,
इनके बस की बात है,
सिर्फ अकेला नहीं मैं जग में,
साँवरिया मेरे साथ है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

फर्क नहीं पड़ता अब चाहे,
दुनिया मेरे खिलाफ है,
सिर्फ अकेला नहीं मैं जग में,
सांवरिया मेरे साथ है,
सिर्फ अकेला नहीं मैं जग में,
साँवरिया मेरे साथ है।bd।

Singer – Keshav & Saurabh Madhukar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com